Date:- 17-09-2024
Dainik Bhaskar, Page-1, Surat

गुजरात में मोदी: तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहला दौरा

मेरा मजाक उड़ाया; पर खुश हूं कि 100 दिन में 15 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट शुरू किए: मोदी

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद/गांधीनगर

केंद्र में तीसरी बार सरकार बनाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को पहली बार गुजरात पहुंचे। यहां उन्होंने अहमदाबाद के कार्यक्रम में कहा कि मैंने सोच लिया था कि जितना मजाक उड़ाना है उड़ा लो, मैं एक शब्द नहीं बोलूंगा। मैंने विपक्ष का अपमान सहा, लेकिन आज खुशी है कि सभी अपमानों को हराते हुए सरकार के पहले 100 दिनों में हर वर्ग के कल्याण की गारंटी पक्की हो गई है। इन सौ दिन में देश में 15 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के कई प्रोजेक्ट शुरू हो गए हैं। चुनाव में किए गए 3 करोड़ घर बनाने के वादे पर भी काम शुरू हो चुका है।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने अहमदाबाद से गांधीनगर के बीच चलने वाली मेट्रो ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। इसके बाद देश की पहली स्वदेशी वंदे मेट्रो ट्रेन की शुरुआत की। यह ट्रेन अहमदाबाद से भुज के बीच चलेगी। हालांकि रेलवे ने इसका नाम बदलकर नमो भारत रैपिड रेड कर दिया है।

अहमदाबाद-गांधीनगर मेट्रो ट्रेन में स्कूली बच्चों से बातचीत करते पीएम मोदी।

हम एक हजार साल के विकास की तैयारी कर रहे...

- इसके बाद, मोदी ने गांधीनगर में तीन दिनी ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हम अगले एक हजार साल के विकास की तैयारी कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य शीर्ष पर पहुंचना नहीं, बल्कि वहां बने रहना है।
- अयोध्या और 16 अन्य शहरों को सौर शहर बना रहे हैं। 3 करोड़ घर, 12 औद्योगिक शहर 8 हाई स्पीड रोड कॉरिडोर बना रहे हैं। रिसर्च पर एक खरब रुपए खर्च करने जा रहे हैं।
- पीएम सूर्य घर योजना में अब तक 1.30 करोड़ लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं, जबकि 3.75 लाख लोगों के घर सौर पैनल लगाए जा चुके हैं।
- उन्होंने कहा कि यह स्कीम परिवारों की कमाई का भी जरिया बन गई है। एक छोटा परिवार हर महीने 250 यूनिट तक बिजली खर्च करता है। यदि वो 100 यूनिट बिजली बचाकर ग्रिड को वापस करता है तो उसने सालाना 25 हजार की कमाई होगी।